पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना कारपोरेशन
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 05076

Date / दिनांक: 11/05/2020

आदेश

बिहार नगर पालिका भवन योजना स्वीकृति हेतु सक्षम पदाधिकारी नियमावली 2014 एवं बिहार भवन उपविधि 2014 के धारा–6 (3) तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 11/न०वि०मा०–03/2014–09 नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना दिनांक 05.01.2015 की कंडिका 3–5 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग ज्ञापांक 6084 दिनांक 11.12.2015 के अनुपालन पटना नगर निगम में निर्माणकर्त्ताओं (बिल्डर) के पंजीकरण हेतु प्राप्त 53 (तिरपन) आवेदनों पर विज्ञापन के आलोक में गठित समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 36 (छतीस) भवन निर्माणकर्त्ताओं के आवेदन निबंधन योग्य पाये गये।

नगर आयुक्त से प्राप्त आदेश के आलोक में निदेशक शहरी योजना शाखा से निर्गत पत्र सं० 12033 दिनांक 16.11.2016 के माध्यम से गठित समिति द्वारा सर्वसम्ति से पटना नगर निगम में भवन निर्माणकर्त्ताओं के पंजीयन कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुशंसा की गई है जिसके आलोक में कुल 36 (छतीस) भवन निर्माणकर्त्ताओं को पटना नगर निगम में पंजीकृत की गई है जिसकी सूचि संलग्न है।

अनु०:–यथोक्त।

विश्वासभाजन
11/5/2020
निदेशक
शहरी योजना शाखा
पटना नगर निगम।

Scanned with CamScanner